

मासिक समाचार पत्र


title-code-MPHIN35679



आधार जायसवाल, इंदौर
15/02/2016







**बुरा मत सोचो** **बुरा मत मानो** **बुरा मत करो**



कार्ड शिवहरे,जबलपुर
02/02/2015


संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा बंदरों की परिकल्पना 16 मई 2010 (जनहित में जारी)

वर्ष-3 | अंक : 7 | इंदौर, 15 सितम्बर 2022 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 1 रुपये

सुविचारः हर प्रयास गलतियों की शुरुवात से प्रारंभ होता हैः- आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

Aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com


**'घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है'**




# बड़े भैया ने ब्राह्मण समाज के सभी वर्गो को एकजुट किया

पं. विष्णुप्रसाद शुक्ला (बड़े भैया) के नाम से ही हर कोई उन्हें जानता था। राजनीति से लेकर समाज और लोगों के बीच उनमें एक आदर का भाव था। एक बार जो उनसे मिलता, उनका होकर रह जाता था। वे कर्म, ज्ञान और उपासना की त्रिवेणी थे। उन्होंने जीवन में बहुत संघर्ष किया। भाजपा की स्थापना के बाद उन्होंने संगठन की गतिविधियों में बड़ा योगदान दिया। पार्टी को खड़ा करने में उनका अहम योगदान रहा। 1980 के दशक में कई ऐसे क्षेत्र थे, जहां पर पार्टी के लोगों को आने नहीं दिया जाता था। वो बड़े भैया ही थे जिन्होंने अपने पराक्रम से पार्टी को उन क्षेत्रों में स्थापित किया। हम तीन लोग (विष्णुप्रसाद शुक्ला, प्रकाश सोनकर और पं. सत्यनारायण सत्तन) की जोड़ी उस समय मानी जाती थी। हम नारायण राव धर्म, राजेन्द्र धारकर और पं. श्रीवल्लभ शर्मा के निर्देशन में कार्य करते थे। जब बड़े भैया को विधानसभा क्षेत्र क्रं. 2 से चुनाव लड़ने के लिए कहा गया तो उन्होंने एक बार में ही हां कर दी, जबकि पता था कि वो सबसे कठिन सीट है। बावजूद इसके इन्होंने इतना अच्छा चुनाव लड़ा कि उस दौर के लोग आज भी उनकी प्रशंसा करते हैं। वे एक ओर जहां राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय थे, वहीं धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी थे। ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। प्रेम, त्याग, साहस सबकुछ उनके पास था। वे दोस्तों के दोस्त थे। दबना कभी उन्होंने सीखा नहीं। जितना उनमें वीरभाव था, उतना ही भक्ति, समर्पण का भाव भी। वे एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने परिवार, समाज को एकता के सूत्र में सदैव बांधे रखा।

**- पं. सत्यनारायण सत्तन,**
**भाजपा के वरिष्ठ नेता**








इंदौर,भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ, वरिष्ठ नेता अपने पिता तुल्य स्वर्गीय विष्णु प्रसाद जी शुक्ला ( बड़े भैया ) का उज्जैन में दसवें का कार्यक्रम संपन्न हुआ,मैंने भी अपने मार्ग दर्शक पिता तुल्य पिताश्री को अपने बाल अर्पण किए,जीवन में आगे बढ़ने के सिर्फ दो ही मार्ग,अर्पण और समर्पण पर ही निर्धारित है,शुक्ला ब्रदर्स बाणेश्वरी परिवार के साथ।























॥ ॐ शांति ॥ **शोक–पत्र** ॥ ॐ शांति ॥

मान्यवर, ________________

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करने मे आता है कि शुक्ला परिवार के पितृ पुरुष एवं राजेन्द्र शुक्ला, संजय शुक्ला (विधायक) के पूज्य पिताजी **पं. विष्णुप्रसादजी शुक्ला (बड़े भैय्या)** का स्वर्गवास दि. 25 अगस्त 2022, गुरुवार को हो गया है। जिनकी आत्म शांति हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार रखा गया है–


**कार्यक्रम :**

**दसवाँ** : दि. 4 सितम्बर 2022, रविवार

**तेरहवाँ एवं भोजन प्रसादी** : दि. 7 सितम्बर 2022, बुधवार (दोप. 12 बजे से)

**स्थान** : निज निवास 94, दुर्गा भवन, बाणगंगा, इन्दौर

शोकाकुल : रविशंकर कृष्णप्रसाद शुक्ला (बब्बी), कैलाशचंद्र शुक्ला, श्रवण सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, दिनेश शुक्ला, गोलु शुक्ला, अतुल शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, नितिन शुक्ला, आकाश, यश, सागर, अंजनेश, राज, रुद्राक्ष, अद्रित, समृद्ध, समर्थ, अथर्व, शिवाय, अतुलित, अमय, श्री अंश, एम.के. जैन, खुरासान पठान, वासुदेव मिश्रा, घनश्याम मिश्रा, महेश तिवारी, महेश मिश्रा, गणेश मिश्रा, अनिल दीक्षित, निरज मिश्रा, आशीष शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, विकास अवस्थी, पिंकेश वाजपेयी, शिवेंद्र अवस्थी, अग्रज दीक्षित, मधुर जैन एवं समस्त शुक्ला परिवार



जे.के.एम. श्रीराम एनक्लेव कालोनी की ड्राइंग प्रतियोगिता में आधार जायसवाल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।



आधार जायसवाल, विशिष्ठी जायसवाल




विशिष्ठी जायसवाल प्रथम बार स्कूल जाते हुए।







रानीसती माता मंदिर


























# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

## व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज

## द्वारा समस्त प्रियजनों को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं





























**"करता सब के कल्याण का है काम यही आधार कार्ड का काम"**




सत्यमेव जयते

भारत सरकार

।। घर परिवार और अपनों को मुझे बचाना है,
मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है।।

आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल 100 बिलियन + जीनियस, लेखक सुविचारक, भारत स्वच्छ मिशन, इंदौर नगर पालिका निगम, वैक्सीन स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मध्यप्रदेश, भारत



**आधार कार्ड की मूल परि-कल्पना को षड्यंत्र रचकर हड़पने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन नंदन नीलकेणी पर सीवीआई का शिकंजा**




कोविड 19 कोरोना वायरस विथ मास्क + वैक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल तृतीय वर्ष सुविचार श्रृंखला 104 वां दिन मंगलवार 13 सितंबर 2022

## कलाल समाज के परिचय सम्मेलन एवं अति विशिष्ट सम्मान समारोह में सम्मिलित होंगी फिल्मी हस्तियां

अभिनेत्री प्रीति ओम चौकसे, अभिनेता सुमन तलवार व फिल्म निर्माता एवं निर्देशक मुकेश चोकसे समारोह में होंगे शरीक - महामंत्री चंपालाल सिसोदिया




जयपुर टाइम्स

**उदयपुर(निसं.)।** अखिल भारतीय कलवार कलाल कलार महासंघ का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन, अति विशिष्ट सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय बैठक रविवार 21 अगस्त 2022 को सुहालका भवन उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि परिचय सम्मेलन में मंच पर आकर स्वयं परिचय देने वाले प्रत्येक युवक-युवतियों को ब्लूटूथ स्पीकर उपहार स्वरूप दिया जाएगा। पूर्बिया ने बताया कि अति विशिष्ट सम्मान समारोह में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव चंपालाल सिसोदिया ने बताया कि कार्यक्रम में कलाल समाज की कई फिल्मी हस्तियां सम्मिलित होगी। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुमन तलवार कलाल, फिल्म अभिनेत्री प्रीति ओम चौकसे कलाल, फिल्म निर्माता एवं निर्देशक मुकेश चोकसे कलाल विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल कलाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।



आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसाइटी व मासिक समाचार पत्र बुरा मत सोचो, बुरा मत मानो, बुरा मत करो का ऑफिस।



कोविड 19 कोरोना वायरस विथ मास्क + वैक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल तृतीय वर्ष सुविचार श्रृंखला 77 वां दिन बुधवार 17 अगस्त 2022

# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

मौसमी स्टेन लैस स्टील, मासूम जायसवाल. ए.के. शर्मा जी बर्तन बाजार, इंदौर व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज द्वारा समस्त प्रिय दिवंगत मित्रों व स्वजनों को दिल की गहराइयों से विनम्र श्रृद्धांजलि
















कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की मां का निधन

नई दिल्ली| कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की मां का निधन हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया, 'सोनिया गांधी की मां पाओला मायनो का 27 अगस्त को इटली में उनके आवास पर ही निधन हो गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार हुआ।' सोनिया इलाज के लिए इस समय विदेश में हैं।




**आधार का हाथ जीवन भर का साथ**

# राजस्थान-उदयपुर में आधार कार्ड जनक सुनील जायसवाल का सम्मान...



राजस्थान, वीरों की धरती उदयपुर शहर में अ.भा. कलवार, कलाल, कलार महासभा द्वारा आयोजित अतिविशिष्ट सम्मान समारोह में आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल इंदौर को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जनक द्वारा लिखित आधार कार्ड के जन्म की कहानी आधारायण ग्रंथ आईका के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता एवं श्री. एमएस. आहलूवालिया (मोटिवेशनल उद्‌बोधक, सदस्य, जीव जन्तु बोर्ड, भारत सरकार) को भेंट की गई।
















# आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा लिखित सुविचार कोरोना कहर-सिरीज-समाचार-व्हाट्सअप ट्वीटर फेसबूक इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब, कू, डेलीहंट, शेयरचेट पर लगातार प्रसारित





पंजीयन क्रमांक 03/27/01/21830/19 शोध पत्र -"कर लो इन्सान को मुट्ठी में" पंजीयन दिनांक : 06 जुलाई 2019

संस्था संस्थापक 100 मिलेनीयम + जिनीयस आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

आधार कार्ड धारक आम आदमी अधिकार वेलफेयर सोसायटी

पंजीकृत कार्यालय - 35 शंकर बाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, आर्मी हेड क्वार्टर, इन्दौर - 452006 मो. 98272-22811

# आधार कार्ड की फोटोकॉपी शेयर करने से पहले जान लें ये बातें, वरना हो सकता है बड़ा नुकसान




*आधार कार्ड काफी जरूरी दस्तावेज है। आज विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से लेकर दूसरे जरूरी कामों के लिए आधार कार्ड उपयोग में आ रहा है। आधार कार्ड आने के बाद सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ बिना रुकावट तेजी से लाभार्थी तक पहुंच रहा है। आज देश में एक बड़ी आबादी के पास आधार कार्ड है। अगर आपके पास भी आधार कार्ड है। ऐसे में आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आपकी जरा सी गलती एक बड़े नुकसान की वजह बन सकती है। आपके आधार कार्ड में डेमोग्राफिक और बायोमेट्रिक डाटा दर्ज होता है। ऐसे में अगर ये गलत हाथों में चला जाए, तो आपको कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस कारण आपको अपने आधार कार्ड का इस्तेमाल काफी सावधानी से करना चाहिए। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से*

*बीते सालों में आधार कार्ड के गलत ढंग से प्रयोग को लेकर कई मामले सामने निकलकर आए हैं। अगर आप अपने आधार कार्ड की फोटोकॉपी किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा कर रहे हैं।*

*इसके अलावा अगर आप पब्लिक यूज के कंप्यूटर में अपने आधार कार्ड को डाउनलोड करते हैं। ऐसे में आपको इस बारे में पता होना चाहिए कि आपके आधार कार्ड की फोटो कॉपी या उसकी सॉफ्ट कॉपी का गलत कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

*आपको अपने आधार कार्ड की डिटेल्स को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए। अगर आप अपने आधार कार्ड की सेफ्टी चाहते हैं। ऐसे में आपको अपने आधार कार्ड को लॉक करके रखना चाहिए*

*आधार कार्ड की सेफ्टी के लिए मास्क्ड आधार कार्ड का उपयोग करें। मास्क्ड आधार कार्ड में आपकी आधार संख्या के 12 अंक पूरी तरह नहीं दिखाई देते हैं। इसमें आपके आधार कार्ड के अंतिम चार नंबर ही दिखाई देते हैं। आप अपने मास्क्ड आधार कार्ड को यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करके डाउनलोड कर सकते हैं।*

# शादी के बाद आधार कार्ड में ऐसे बदलें पत्नी का सरनेम, ऑनलाइन चुटकियों में हो जाएगा काम

आधार कार्ड एक विशिष्ट पहचान संख्या है जो पूरे भारत में व्यक्तिगत उपयोग का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है. सब्सिडी प्राप्त करने से लेकर आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए विभिन्न चीजों के लिए अब आधार की आवश्यकता है. महिलाओं को शादी के बाद अपने आधार कार्ड में नाम बदलने की आवश्यकता होती है. जाहिर सी बात हैं, भारत में शादी के बाद लड़कियों का पता और रसनेम बदल जाता है. ऐसे में अगर आधार में ये दोनों चीजें अपडेट कराने की आवश्यकता पड़ती है.

## शादी के बाद आधार कार्ड में नाम और पता बदलने के लिए इन डॉक्यूमेंट्स की जरूरत होगी

मैरिज सर्टिफिकेट, पासपोर्ट, पेन कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, क्रेडिट कार्ड फोटो, फोटो के साथ बैंक एटीएम कार्ड, कोई भी फोटो आईडी कार्ड

## शादी के बाद ऐसे ऑनलाइन बदलें नाम और पता

1. जो महिलाएं शादी के बाद अपना नाम और पता बदलना चाहती हैं, उन्हें आधार सेल्फ सर्विस अपडेट पोर्टल के आधिकारिक पोर्टल पर जाना होगा.

2. होम पेज पर आधार अपडेट करने के लिए आगे बढ़ें विकल्प पर क्लिक करें.

3. आधार नंबर, कैप्चा कोड दर्ज करें और सेंड ओटीपी पर क्लिक करें.

4. आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा गया था.

5. ओटीपी दर्ज करें और लॉगिन विकल्प पर क्लिक करें.

6. एक नया पेज खुलेगा, यहां आवेदक को नाम और पता अपडेट करना होगा और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे. सबमिट पर क्लिक करें.

7. सरकार सभी जमा किए गए दस्तावेजों को मान्य और सत्यापित करेगी और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक अनुमोदन संदेश भेजेगी.

8. इस प्रक्रिया के लिए सरकार कोई शुल्क नहीं लेती है.

## ऑफलाइन तरीका

ऑफलाइन तरीकों के लिए, जो महिलाएं नाम और पता बदलना चाहती हैं, उन्हें आधार नामांकन केंद्र पर जाना होगा.

आधार कार्ड में नाम और पता बदलने के लिए आवेदकों को सभी आवश्यक दस्तावेज ले जाने होंगे. सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज ले जाना सुनिश्चित करें और स्कैन की गई प्रतियां केंद्र को सौंपने के लिए जमा करें.

इस प्रक्रिया में, आवेदक अन्य परिवर्तनों और बायोमेट्रिक्स को भी अपडेट कर सकते हैं.

ऑफलाइन तरीके के लिए 50 रुपये का मामूली शुल्क लेना होगा.

## इन बातों का रखें ध्यान

आधार कार्ड विवरण अपडेट करना आसान है, लेकिन जो महिलाएं अपडेट करना चाहती हैं उन्हें कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए.

1. वे यूआरएन (अपडेट रिक्वेस्ट नंबर) का उपयोग करने के बाद संभालकर रखें. क्योंकि स्टेटस जानने में यह काम आएगा.

2. नाम और पता बदलने या ठीक करने की प्रक्रिया को पूरा होने में 90 दिन लगते हैं. उसके बाद, हम यूआईडीएआई वेबसाइट के माध्यम से ई-आधार डाउनलोड कर सकते हैं.

3. नाम और पता बदलने से पहले सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए और दो बार जांच की जानी चाहिए.

4. अपलोड किए गए सभी आवश्यक स्कैन किए गए दस्तावेज़ अपलोड करें या आगे उपयोग के लिए दस्तावेज़ों की फोटोकॉपी सौंप दें.

# आधार कार्ड में गलत छप गया है नाम, पांच आसान ऑनलाइन स्टेप्स में कर सकते हैं अपडेट

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड मौजूदा वक्त में सबसे जरूरी और अहम दस्तावेजों में से एक है. लगभग हर एक सरकारी सुविधा का फायदा लेने के लिए हमें आधार उपलब्ध कराना ही होता है. इसके अलावा बैंक में खाता खुलवाने या सिम कार्ड लेने या इस तरह के दूसरे कामों के लिए भी आधार कार्ड प्रयोग में आता है. कई सारी जगहों पर आधार कार्ड हमारे पहचान प्रमाण पत्र के तौर पर भी इस्तेमाल होता है.

## नाम गलत छपने पर हो सकती है परेशानी

आधार कार्ड में नाम गलत छपने की कंडीशन में हमें काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. क्योंकि आधार कार्ड हमारे पहचान के तौर पर भी इस्तेमाल होता है तो नाम गलत छपने पर हमें कई सरकारी सुविधाओं से वंचित भी होना पड़ सकता है. अगर आपके आधार में आपका नाम गलत छप गया है तो आप घर बैठे कुछ आसान से ऑनलाइन स्टेप्स को फॉलो करके इसे अपडेट भी कर सकते हैं.

## क्या है पूरी प्र ि या

आधार कार्ड में नाम अपडेट करने के लिए आपको सबसे पहले UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट uidai.gov.in पर जाना होगा. इसके बाद आपके सामने एक वेबसाइट खुल जाएगी. होम पेज पर आपको अपडेट आधार के दिए गए ऑप्शन पर जाना होगा. यहां आपको दिए गए ऑप्शन में से अपडेट डेमोग्राफिक डाटा ऑनलाइन पर क्लिक करना होगा. जिसके बाद आपके सामने नया पेज खुल जायेगा.

दूसरे स्टेप में आपको नए पेज पर प्रोसीड टू अपडेट आधार के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा. फिर नए पेज पर आपको अपना आधार नंबर और कैप्चा फिल करके सेंड OTP पर क्लिक करना होगा. क्लिक करते ही आपके मोबाइल नंबर पर आपको OTP आएगा जिसे फिल करके लॉगइन करना होगा.

तीसरे स्टेप में आपको अपडेट डेमोग्राफिक डाटा पर क्लिक करना होगा. इसके बाद आपके सामने कई सारे ऑप्शन दिखाई देंगे आपको जिसमे भी सुधार करना होगा उस पर क्लिक कर दें. अब आपको नेम को सेलेक्ट करके प्रोसीड बटन पर क्लिक करना होगा. इसके बाद आपको यस आई एम अवेयर ऑफ दिस पर टिक करना होगा.

चौथे स्टेप में आपको अपना नाम हिंदी व इंग्लिश भाषा में भरकर सभी जरूरी डॉक्युमेंट्स को अपलोड करना होगा. इसके बाद आप कैप्चा कोड को भर के सेंड OTP पर क्लिक करना होगा. OTP भरने के बाद टर्म और कंडीशन को एक्सेप्ट करना होगा.

पांचवे स्टेप में आपको 50 रुपये की फीस भरनी होगी जिसके बाद आपके नाम में सुधार हो जाएगा.

समस्त आधार कार्ड धारको को हार्दिक शुभ कामनाऐ बधाई कर्ता - आधार जायसवाल, कार्ड शिवहरे

आधार का हाथ जीवन भर का साथ

आधार बनवाओ आधार बनो आधार पाओ

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुनील जायसवाल द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर (मप्र) से मुद्रित एवं 35 शंकरबाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, इंदौर, 452006 से प्रकाशित प्रबंध संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल , मोबाइल नं. 9827222811 (समस्त प्रकरणों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)